सत्यमेव जयते

# षोडश

# बिहार विधान-सभा

## पंचम सत्र

## तारांकित प्रश्न

### वर्ग-4

वृहस्पतिवार, तिथि 09 चैत्र, 1939 (श0) / 30 मार्च, 2017 (ई0)

**प्रश्नों की कुल संख्या 56**

| | | |
|---|---|---|
| (1) | लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग .. .. | 10 |
| (2) | नगर विकास विभाग .. .. | 15 |
| (3) | राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग .. .. | 16 |
| (4) | कृषि विभाग .. .. | 04 |
| (5) | पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग .. .. | 03 |
| (6) | खाद्य एवं उपभोक्ता सरंक्षण विभाग .. .. | 07 |
| (7) | सहकारिता विभाग .. .. | 01 |
| | कुल योग — | 56 |

बाजार का स्थानान्तरण

'क'-*1284. श्री अभय कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया शहर के केदारनाथ मार्केट स्थित थोक बाजार को जाम एवं अतिक्रमण के कारण गया के चन्दौती स्थित बाजार समिति प्रांगण में स्थानान्तरित करने का निर्णय 1992 ई0 में लिये जाने के बावजूद अबतक इसे वहाँ स्थानान्तरित नहीं किया जा सका है, यदि हाँ, तो उक्त थोक बाजार को वर्णित प्रांगण में स्थानान्तरित करने हेतु सरकार की क्या योजना है ?

--------

चापाकल लगाना

*2962. डॉ0 रामानुज प्रसाद--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि विभागीय पत्रांक 06/प्रा0अ0-109/2015-115, दिनांक 14 जनवरी, 2016 द्वारा नालंदा जिला के हिलसा प्रखंड में 14, एकंगरसराय प्रखंड में 3, थरथरी प्रखंड में 2 एवं कराय-परशुराय प्रखंड में 4 चापाकल गाड़ने का आदेश पत्रांक 291, दिनांक 19 जनवरी, 2015 के संदर्भ में कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, हिलसा को दिया गया था परन्तु अभीतक वर्णित प्रखंडों में एक भी चापाकल को नहीं गाड़ा गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार विलम्ब के लिये दोषी पदा0 पर कार्रवाई करते हुये वर्णित प्रखंडों में चापाकल गाड़ने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पदस्थापित करना

*2963. श्री अचमित ऋषिदेव--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत रानीगंज प्रखंड में प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी, रानीगंज का पद रिक्त है, यदि हाँ, तो सरकार रिक्त पद पर कबतक प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी को पदस्थापित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--स्वीकारात्मक है। वस्तुस्थिति यह है कि पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार, पटना के द्वारा पशुचिकित्सकों की नियुक्ति संबंधी कार्रवाई की जा रही है। रिक्त पदों को भरने हेतु 977 (903+74 बैकलॉग) पदों पर नियुक्ति हेतु अधियाचना बिहार लोक सेवा आयोग को भेजी जा चुकी है। आयोग से अनुशंसा प्राप्त होने के पश्चात् पशु चिकित्सकों की नियुक्ति की जा सकेगी एवं रानीगंज प्रखंड में प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी के पद पर पदस्थापित किया जा सकेगा।

--------

चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति

*2964. श्री निरंजन कुमार मेहता--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिला के ग्वालपाड़ा प्रखंड मुख्यालय स्थित पशु चिकित्सालय में चिकित्सक नहीं रहने के कारण पशुओं का इलाज बन्द है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त चिकित्सालय में पशु चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नोट--'क'-सदन द्वारा दिनांक 18 मार्च, 2017 को नगर विकास एवं आवास विभाग में स्था0 ।

व्यवस्था करना

*2965. श्री निरंजन कुमार मेहता--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिला के बिहारीगंज, मुरलीगंज, ग्वालपाड़ा एवं उदाकिशुनगंज, प्रखंड मुख्यालय में बस पड़ाव नहीं रहने के कारण यात्रियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त प्रखंड मुख्यालय में बस पड़ाव की व्यवस्था करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

जमीन का अधिग्रहण

*2966. श्री दिनेश चन्द्र यादव--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला अन्तर्गत बनमा-इटहरी प्रखंड में प्रखंड कार्यालय भवन के लिये जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया वर्ष 1995-96 से चल रही है, लेकिन अबतक जमीन अधिग्रहण नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया पूर्ण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पहुँच पथ का निर्माण

*2967. श्री अखतरूल इस्लाम शाहीन--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत अंचल, जितवारपुर के मौजा बहादुरपुर वार्ड नं0 27 एवं मौजा हसनपुर स्थित सतन साह के घर के निकट से उमेश पासवान के टोला तक जाने के लिये सम्पर्क-सह-पहुँच पथ नहीं होने से टोला वासियों को भारी परेशानी होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त टोला जाने हेतु सम्पर्क-सह-पहुँच पथ का कबतक निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

प्राक्कलन राशि की जाँच

*2968. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनिहारी प्रखंड अन्तर्गत मनिहारी नगर पंचायत के वार्ड संख्या 11 में वर्ष 1998-99 में तीन लाख सत्तर हजार रु0 की राशि से निर्मित सामुदायिक भवन के जीर्णोद्धार के लिये 11,28,711 रु0 की प्रकाशित अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना 07/2015-16, दिनांक 30 मार्च, 2016 को सम्पन्न हुई परन्तु प्राक्कलन के अनुसार कार्य नहीं किया जा रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार इसकी जाँच कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

जल जमाव से मुक्त कराना

*2969. श्री सैयद अबु दौजाना--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के पुपरी नगर पंचायत में समुचित जल निकासी के लिये पक्के नाले की व्यवस्था नहीं रहने के कारण पुपरी शहर में जल जमाव की समस्या बनी रहती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि शहर का मुख्य नाला तथा छोटे-बड़े नाले बराबर जाम रहने से शहर में जल जमाव की स्थिति बनी रहती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पक्के नाले का निर्माण एवं छोटे-बड़े नालों की सफाई कराकर शहर को जल जमाव से मुक्त कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

दोषी पर कार्रवाई

*2970. श्री सुदामा प्रसाद--स्थानीय दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 30 जनवरी, 2017 को प्रकाशित शीर्षक ''खाद्य सुरक्षा योजना के लाभुकों को लगी चपत'' के आलोक में क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा खाद्य सुरक्षा योजना के तहत गरीब लोगों को सस्ते दर पर अनाज उपलब्ध कराने का प्रावधान किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के पीरो सहित अन्य प्रखण्डों में वर्णित योजना के तहत अक्टूबर, नवम्बर एवं दिसम्बर माह-2016 में खाद्यान्न का वितरण नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार वर्णित योजना के तहत उक्त माहों के वितरण के साथ ही दोषी पदाधिकारियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

जल संकट से निजात

*2971. श्री लालबाबू राम--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला अन्तर्गत सकरा प्रखण्ड एवं मुरौल प्र0 के पूर्वी भाग में लगभग 13 पंचायतों में जल स्तर नीचे रहने के कारण जल संकट बना हुआ है, यदि हाँ, तो वर्णित जल संकट से निजात हेतु सरकार कौन-सी कदम उठाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

अमीनों की स्थायी बहाली

*2972. श्री नन्द किशोर यादव--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य में अमीनों के 1917 पद विगत पाँच वर्षों से रिक्त है और राज्य सरकार इन रिक्त पदों पर बहाली हेतु कोई कार्रवाई नहीं कर रही है, जबकि 300 अमीन विगत पाँच वर्षों से संविदा पर कार्यरत है, यदि हाँ, तो सरकार अमीनों के रिक्त पदों पर स्थायी बहाली करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

अतिक्रमण मुक्त कराना .

*2973. श्री (डॉ0) सुनील कुमार--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला मुख्यालय बिहारशरीफ के बैगनाबाद में स्थित एक गैर-सरकारी अलामा इकवाल कॉलेज द्वारा सरकारी भूमि एवं आम रास्ता का अतिक्रमण कर लेने पर अतिक्रमण वाद संख्या 33/09-10 चलाकर पत्रांक संख्या 1723, दिनांक 10 जून, 2013 द्वारा नोटिस जारी कर दिनांक 28 जून, 2013 को अंचलाधिकारी बिहारशरीफ द्वारा बुलडोजर चलाकर अतिक्रमण मुक्त कर दिया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि दिनांक 22 फरवरी, 2016 को अलामा इकवाल कॉलेज ने दीवार लगाकर अतिक्रमण कर लिया जिससे आम रास्ता अवरुद्ध हो गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराते हुए दोषी पदाधिकारियों पर कार्रवाई करना चाहती है ?

---

योजना का कार्यान्वयन

*2974. श्री अनिल सिंह--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत हिसुआ प्रखण्ड के पांचू तालाब के सौंदर्यीकरण हेतु मुख्यमंत्री शहरी विकास योजना के तहत प्रश्नकर्ता द्वारा 2013-14 में अनुशंसा की गयी परन्तु इस योजना के लिये 65 लाख रुपये नगर पंचायत, हिसुआ में उपलब्ध रहने के बावजूद काम नहीं कराया गया, यदि हाँ, तो क्या सरकार राशि उपलब्ध रहने के बावजूद विकास कार्य में शिथिलता बरतने वाले पदाधिकारी पर कार्रवाई करने तथा उक्त योजना को कार्यान्वित कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

जलापूर्ति कराना

*2975. श्री अमरनाथ गामी--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के बहेरी प्रखण्ड अन्तर्गत बिठौली ग्राम में पाइप लाइन 1 वर्ष पहले बिछने के बावजूद भी अभीतक किसी परिवार को उक्त पाइम लाइन से पीने का पानी नहीं मिल रहा है, जिससे ग्रामीण शुद्ध जल से वंचित है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक, उक्त गाँव को पाइप लाइन के माध्यम से शुद्ध जलापूर्ति कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

चावल नहीं खरीदने का औचित्य

*2976. श्री (मो0) तौसीफ आलम --क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला में पैक्स द्वारा तैयार चावल को विगत एक वर्ष से बिहार खाद्य निगम, किशनगंज द्वारा नहीं खरीदा जा रहा है, यदि हाँ, तो किशनगंज जिला में पैक्स द्वारा तैयार चावल को बिहार खाद्य निगम द्वारा नहीं खरीदने का क्या औचित्य है ?

कार्रवाई करना

*2977. श्री अमरनाथ गामी--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के हायाघाट प्रखंड के पंचायत पौराम, घोषरामा, रसुलपुर एवं सिर्नियां पश्चिमी बिलासपुर के किसानों के फसल को जंगली जानवर नीलगाय द्वारा नुकसान कर दिया जाता है, यदि हाँ, तो सरकार फसल की बर्बादी से बचाने हेतु कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

भवन निर्माण हेतु कार्रवाई

*2978. श्रीमती सुनीता सिंह चौहान--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत परसौनी प्रखंड के अंचल कार्यालय भवन के निर्माण हेतु समाहर्ता, सीतामढ़ी के पत्रांक 641, दिनांक 16 जुलाई, 2016 रैयती भूमि के अर्जन हेतु भू-अर्जन प्रस्ताव से संबंधित कागजात आयुक्त, मुजफ्फरपुर प्रमंडल को भेजा गया था, लेकिन अभीतक भवन निर्माण हेतु कार्रवाई नहीं की गयी है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

---------

प्राक्कलन अनुसार कार्य कराना

*2979. श्री विजय शंकर दुबे--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि छपरा जिला के जलालपुर प्रखण्ड के ग्रा०-रामपुर नुननगर में जलापूर्ति योजना के अन्तर्गत जलमीनार का निर्माण प्राक्कलन के अनुसार नहीं किया जा रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार निर्माण कार्य की जाँच कराकर कार्य सम्पादित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पेयजल उपलब्ध कराना

*2980. श्री (डॉ०) विनोद प्रसाद यादव--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गर्मी के दिनों में राज्य के कई जिलों के पठारी भाग यथा गया, नवादा, औरंगाबाद, सासाराम इत्यादि जिलों में बराबर पेयजल संकट बना रहता है, यदि हाँ, तो वहाँ पेयजल सुविधा उपलब्ध कराने हेतु सरकार की क्या योजना है ?

दखल कब्जा दिलाना

*2981. श्री विद्या सागर केशरी--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत फारबिसगंज प्रखंड के कुसमाहा पंचायत के आमगाछी मौजा की चकबंदी वर्ष 1990 में पूर्ण कर ली गई है, जिसका जमाबंदी रसीद एवं एल०पी०सी० चक खाता एवं खेसरा के आधार पर निर्गत किये जा रहे हैं, लेकिन अबतक दखल कब्जा नहीं दिलाया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक भू-चकधारी को दिये गये भू-खंड पर दखल कब्जा दिलाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

जलमीनार का निर्माण कराना

*2982. श्री राम विलाश पासवान--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के कहलगाँव प्रखण्ड अन्तर्गत कुरमा, चन्नो एवं पन्नुचक गाँव में जलमीनार का निर्माण नहीं होने के कारण 20 हजार की आबादी शुद्ध पेयजल से वंचित है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थानों पर जलमीनार का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पेय जलापूर्ति कराना

*2983. श्री सुधीर कुमार उर्फ बंटी चौधरी--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई जिला के सिकन्दरा प्रखण्ड के सिकन्दरा पंचायत अन्तर्गत श्री कृष्ण महाविद्यालय, लोहण्डा में सिकन्दरा ग्राम में जलापूर्ति हेतु दो वर्ष पूर्व सुव्यवस्थित ढंग से पाइप नहीं बिछाए जाने के कारण जलापूर्ति नहीं की जा रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त जलमीनार से सिकन्दरा ग्राम में पेय जलापूर्ति कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

विद्युत् शवदाह गृह का निर्माण

*2984. श्री राम विलाश पासवान--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत कहलगाँव अनुमंडल मुख्यालय में विद्युत् शवदाह गृह नहीं है, जबकि सरकार द्वारा प्रत्येक अनुमंडल में एक विद्युत् शवदाह गृह का निर्माण करने हेतु वर्ष 2009 में निर्णय लिया गया था, यदि हाँ, तो सरकार उक्त अनुमंडल में कबतक विद्युत् शवदाह गृह का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

अतिक्रमण मुक्त कराना

*2985. श्री विजय कुमार विजय--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत अंचल लदनियाँ के सिचया पंचायत स्थित ग्राम- धनजैया निवासी श्री जीवछ यादव के घर से मध्य विद्यालय, धनजैया होते हुये श्री छोटकन नौनिया (लालपुर) के घर तक सड़क की जमीन दोनों तरफ से अतिक्रमण कर ली गई है, जिस कारण आम नागरिकों को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उपरोक्त दोनों सड़क को अतिक्रमण मुक्त कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक ?

-----------

नाला से जोड़ना

*2986. श्री संजय सरावगी--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के दरभंगा नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत वार्ड नं० 40, मोहल्ला अभंडा में नवल भंडारी के घर से सहनी टोला होते हुये महावीर शर्मा के घर के पास मुख्य नाला तक नाला नहीं रहने के कारण जल-जमाव की समस्या बनी रहती है, यदि हाँ, तो सरकार वर्णित नाले को कबतक मुख्य नाला से जोड़ने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

योजना तैयार करने का औचित्य

*2987. श्री (डॉ०) रामानुज प्रसाद--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 1 अगस्त, 2016 को प्रकाशित शीर्षक ''आय के मामले में बिहार के किसान सबसे पीछे'' के आलोक में क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा वर्ष 2007 में किसानों की कमाई में बढ़ोत्तरी लाने हेतु कृषि रोडमैप योजना की शुरूआत किये जाने के बावजूद भी राज्य के किसानों की मासिक आय अन्य प्रदेशों यथा पंजाब-18059, हरियाणा 14434, कश्मीर-12683, गुजरात-7926 एवं महाराष्ट्र-5386 रु० की तुलना में सबसे कम 3558 रु० ही है, यदि हाँ, तो कृषि रोडमैप योजना तैयार करने का क्या औचित्य है ?

-----------

पेय जलापूर्ति कराना

*2988. श्री राजकुमार राय--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत हसनपुर विधान-सभा के ग्राम-बेलसन्डी, अहिलवार, हसनपुर, दाथ एवं सिधिया में ग्रामीण जलापूर्ति योजना के तहत उक्त सभी स्थलों पर बोरिंग की गयी थी तथा कुछ स्थलों पर भी बिछाया गया, परन्तु संवेदक एवं विभागीय लापरवाही के कारण जलापूर्ति नहीं होने से ग्रामीणों को पेयजल की समस्या उत्पन्न हो गई है, यदि हाँ, तो सरकार दोषी संवेदक एवं पदाधिकारी पर कार्रवाई कर शुद्ध पेयजल आपूर्ति कराने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

अस्पताल का निर्माण

*2989. श्री विजय कुमार खेमका--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला के पूर्णियाँ पूर्व प्रखण्ड अन्तर्गत बीरपुर, रामपुर, महाराजपुर पंचायत में पशु अस्पताल नहीं रहने के कारण पशुपालकों को इलाज हेतु 10 किलो मीटर की दूरी तयकर दूसरे स्थान पर जाना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थानों पर पशु अस्पताल का कबतक निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*2990. श्री रामदेव राय--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में दखल-दिहानी के तहत 23 लाख 17 हजार 992 पर्चाधारियों की खोज की गई, लेकिन सत्यापन में मात्र 16 लाख 19 हजार 255 पर्चाधारी ही मिले, जिसमें 1 लाख 38 हजार पर्चाधारी आज भी बेदखल हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि 7 लाख बिना पहचान के लोगों को पर्चा दी गई जो गैर-कानूनी है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार बाकी बचे 1 लाख 38 हजार बेदखल पर्चाधारियों को दखल-देहानी दिलवाते हुये दोषी पदाधिकारियों के विरुद्ध जिसने बिना पहचान के व्यक्तियों को पर्चा दिया है, कार्रवाई करने का विचार रखती है ?

----------

पदाधिकारियों पर कार्रवाई

*2991. श्री अचमित ऋषिदेव--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिला अन्तर्गत रानीगंज प्रखंड के हसनपुर में ग्रामीण पाइप जलापूर्ति योजना के तहत उच्च प्रदायी नलकूप, पम्पगृह, राइजिंगमेन, जल वितरण प्रणाली, जलमीनार, स्टैंडपोस्ट, ट्रांसफॉर्मर, पम्प अधिष्ठापन, विद्युत् संयोजन, क्लोरीनेटर, एप्रोच रोड, एम०एस० गेट, कम्पाउन्ड वॉल, आई०आर०पी० का निर्माण कार्य प्राक्कलित राशि 255.06145 लाख रुपया से दिनांक 25 फरवरी, 2015 से प्रारम्भ कराया गया है, जिसमें वर्ष 2015-16 में 93.60177 लाख एवं जून, 2016 तक 22.39823 लाख रुपये व्यय किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त योजना को पूरा करने का लक्ष्य 24 फरवरी, 2016 था, परन्तु अभीतक अपूर्ण है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बिलम्ब के लिये जिम्मेवार पदाधिकारियों पर कार्रवाई करने एवं ससमय योजना पूरा कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

अतिक्रमण मुक्त करना

*2992. श्री शम्भु नाथ यादव--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला के ब्रह्मपुर प्रखंड के रघुनाथपुर बाजार समिति के पास अनावद सर्वसाधारण की भूमि खाता सं० 884, खेसरा सं० 364, रकबा 0.011/5 डी० पर अतिक्रमण कर तीन मंजिला मकान बना लिया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि जनता के आवेदन पर अनुमंडल पदाधिकारी, डुमराँव के पत्रांक 3232, दिनांक 28 नवम्बर, 2016 द्वारा अतिक्रमण से मुक्त करने का आदेश अंचल पदाधिकारी, ब्रह्मपुर को दिया गया, पर आजतक अतिक्रमण मुक्त नहीं किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अनावद सर्वसाधारण की भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

दोषी पर कार्रवाई

*2993. श्री कृष्ण कुमार ऋषि--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 13 दिसम्बर, 2016 को प्रकाशित शीर्षक ''मिनी ट्रक पर लदा 45 बोरी चावल जब्त'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला के बनमनखी प्रखण्ड अन्तर्गत राशन कार्ड उपभोक्ता के हिस्से का अनाज वितरित नहीं कर वहाँ के डिलरों द्वारा अनाज की कालाबाजारी की जा रही है;

(2) क्या यह बात सही है कि दिनांक 8 सितम्बर, 2016 एवं 29 सितम्बर, 2016 को अनुमंडल पदाधिकारी, बनमनखी से उपरोक्त उपभोक्ताओं द्वारा की गई शिकायत पर प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा जाँच की गई है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार दोषी के खिलाफ कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

कार्रवाई करना

*2994. श्री तारकिशोर प्रसाद--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 22 फरवरी, 2017 को प्रकाशित शीर्षक ''रूला रही जिले की जर्जर सड़कें, लौट गये 96 लाख'' के आलोक में क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा कटिहार नगर निगम को शहरी विकास मद में राज्य योजना निधि से वित्तीय वर्ष 2012-13, 2013-14 में सड़क एवं नाला के निर्माण हेतु 96 लाख रुपये की राशि दी गयी थी, लेकिन कटिहार नगर निगम द्वारा इस राशि का खर्च सरकार द्वारा निर्धारित अवधि में नहीं किया गया तथा राशि विभाग को वापस करना पड़ा है, जिससे विकास कार्य रूक गया, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त मामले की जाँच कराकर कार्रवाई का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

कार्रवाई करना

*2995. श्रीमती गुलजार देवी--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार सरकार राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग (संकल्प सं० 8/नियम संशोधन 07-10/2014 (8 रा० पटना-15) के तहत राज्य के सुयोग्य श्रेणी में वासरहित परिवारों को वास हेतु पाँच डीसमल जमीन तथा कलस्टर यथासंभव बीस परिवार को बसाने के संदर्भ में पाँच डीसमल जमीन प्रति परिवार की दर से वास हेतु तथा वास भूमि के अलावे बीस डीसमल अतिरिक्त जमीन आंतरिक सड़क एवं सामुदायिक भवन के लिये उपलब्ध कराने के संबंध में नीति निर्धारण किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि फुलपरास विधान-सभा क्षेत्र के मधेपुर प्रखण्ड में किसी भी परिवार को सरकार के उक्त संकल्प का लाभ नहीं मिला है, जबकि सैकड़ों व्यक्तियों ने अंचलाधिकारी के पास आवेदन दिया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार संकल्प के अनुसार वासहीन लोगों को लाभ दिलाने हेतु कौन सी कार्रवाई कबतक करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पेयजल की आपूर्ति

*2996. श्री अखतरूल इस्लाम शाहीन--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर नगर परिषद् क्षेत्र में स्थित जलमीनार जिसकी स्थापना दशकों पूर्व हुआ था, काफी जर्जर हालत में है;

(2) क्या यह बात सही है कि जर्जर जलमीनार से कई इलाकों में पेय जलापूर्ति पूर्णत: बाधित है, जिसके कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार समस्तीपुर नगर परिषद् क्षेत्र के मुहल्ला धरमपुर, काशीपुर सहित सभी इलाकों में नया जलमीनार स्थापित कर पेय जलापूर्ति करना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------

कृषि यंत्र उपलब्ध कराना

*2997. श्री तारकिशोर प्रसाद--दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 24 जनवरी, 2017 को प्रकाशित शीर्षक ''खाते में धरे रह गये किसानों की सब्सिडी के रुपये 175 करोड़'' के आलोक में क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कृषि यांत्रिकरण योजना अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2016-17 में किसानों को अनुदान देने हेतु 175 करोड़ की योजना तैयार की है;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकार के निर्णयानुसार प्रखण्ड स्तर पर कृषि यांत्रिकरण मेला का आयोजन नहीं हो सका है, जिससे किसान द्वारा कृषि यंत्र अनुदानित दर पर खरीद में कमी आयी है एवं इसका असर कृषि ऊपज पर भी पड़ रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार प्रखण्ड स्तर पर कृषि मेला का आयोजन कर किसानों को अनुदानित दर पर कृषि यंत्र उपलब्ध कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------

जन-वितरण प्रणाली में सुधार

*2998. श्री विजय शंकर दुबे--क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि छपरा जिला के माँझी प्रखण्ड में प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी का पद विगत कई वर्षों से रिक्त रहने तथा प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, माँझी को आपूर्ति पदाधिकारी का भी प्रभारी बनाये जाने के कारण आपूर्ति व्यवस्था लचर है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त प्रखण्ड में जन-वितरण प्रणाली में सुधार हेतु कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

धान खरीदना

*2999. श्री (डॉ०) नवाज आलम--क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत आरा विधान-सभा क्षेत्र के आरा प्रखंड में वर्ष 2016-17 में 1,470 एम०टी० (मेट्रीक टन) धान की खरीद का लक्ष्य था, जिसमें मात्र 314.20 एम०टी० धान खरीदी गयी है;

(2) क्या यह बात सही है कि कुल 273 निबंधित किसानों का धान लक्ष्य से काफी कम खरीदा गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार किसानों की समस्या को देखते हुये धान खरीदने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------

पाइप लाइन बिछाना

*3000. श्री सैयद अबु दौजाना--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी के पुपरी शहर में पूर्व से ही पाइप लाइन के द्वारा शहरवासियों को शुद्ध पेयजल की आपूर्ति की जाती है, लेकिन पूर्व में लगे सभी पुराने लाइन ध्वस्त हो चुके हैं, जिसके कारण पानी की आपूर्ति सही तरीके से नहीं हो पाती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार पूर्व में बिछाये गये पाइप लाइन को बदलकर नये पाइप लाइन बिछाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पदस्थापित करना

*3001. श्री बशिष्ट सिंह--क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिले में जिला आपूर्ति पदाधिकारी का पद विगत वर्ष 2015 से रिक्त रहने के कारण आमजनों को ससमय खाद्य सामग्रियों की आपूर्ति नहीं हो पा रही है, यदि हाँ, तो सरकार रोहतास जिला में आपूर्ति पदाधिकारी को कबतक पदस्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

मामलों का निष्पादन

*3002. श्री (मो0) तौसिफ आलम--क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत टेढ़ागाच्छ प्रखण्ड के पश्चिम झाला पंचायत के पदय लाल यादव, चिलहनिया पंचायत के चमन लाल साह, प0 मटियारी के आसिन लाल हरिजन सहित कुल नौ जन-वितरण प्रणाली बिक्रेता का लाईसेन्स निलम्बन का मामला विगत दो वर्षों से जिला पदाधिकारी, किशनगंज के यहाँ लम्बित है, जबकि नियमानुसार नब्बे दिनों में मामले का निपटारा कर देना है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त जन-वितरण बिक्रेताओं के मामलों का निष्पादन कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

राशि वसूल करना

*3003. श्री नारायण प्रसाद--स्थानीय हिन्दी समाचार-पत्र में दिनांक 24 फरवरी, 2017 को प्रकाशित शीर्षक ''जैविक खाद के नाम पर किसानों को बेच डाले राख व माटी'' के आलोक में क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प0 चम्पारण जिलान्तर्गत वर्मी कम्पोस्ट निर्माता प्रतिष्ठान दुर्गा जैविक उद्यान, पीपरा, पकड़ी, चनपटिया, कुंदन चदन वर्मी कम्पोस्ट उद्योग, तृति टोला जगदीशपुर (नौतन), विनायक बायो फर्टीलाइजर, पीपरा, कपड़ी, चनपटिया, आम वर्मी कम्पोस्ट, रूलही मझौलिया, मारूती एग्रोटेक घोघा चनपटिया एवं शशि केंचुआ खाद्य इकाई, लौरियानंद टोला, लौरिया के द्वारा जैविक खाद वर्मी कम्पोस्ट के नाम पर मिट्टी बेच कर प्रतिष्ठानों ने प्रति यूनिट 25 लाख रुपये सरकार से अनुदान की राशि प्राप्त कर लिया है, यदि हाँ, तो सरकार वर्णित सभी प्रतिष्ठानों के अनुदान सब्सिडी की राशि कबतक वसूल करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का जीर्णोद्धार

*3004. श्री अरूण कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिला के पटना नगर निगम के न्यू पूर्वी अगमपुरा के वार्ड नं0 32 के अन्तर्गत पटना सेन्ट्रल स्कूल के दक्षिण से ब्रह्मपुर मंदिर तक सड़क निर्माण कराया गया था, जो वर्तमान में काफी जर्जर हो गया है, जिससे उस सड़क से आवागमन में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का कबतक जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कर मुक्त करना

*3005. श्री रामदेव राय--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के सर्वाधिक पिछड़ा एवं गरीब क्षेत्र के बछवाड़ा प्रखंड स्थित भूमटिया गंगा वाया नदी पर सालों भर तीर्थयात्री गंगा स्नान, मुंडन वो अन्य धार्मिक कार्यों के लिये आते हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त वाया नदी घाट पर प्रत्येक वर्ष सरकारी डाक होने से गंगा स्नान, मुंडन के लिये आनेवाले सर्वहारा, गरीब परिवार के लोगों को टैक्स देना पड़ता है, यदि हाँ, तो इसे सरकारी डाक से हटाकर कर मुक्त करने हेतु सरकार की क्या योजना है ?

---

पेयजल उपलब्ध कराना

*3006. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनिहारी प्रखण्ड अन्तर्गत कुमारीपुर पंचायत के मारा टोला के महादलित लौह और आर्सेनिक युक्त पानी पीने के लिये अभिशप्त हैं, यदि हाँ, तो सरकार वहाँ शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क उपलब्ध कराना

*3007. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत बारून प्रखण्ड के पिपरा पंचायत अन्तर्गत कर्मा में 150 महादलित परिवार बसे हुये हैं, जिन्हें मुख्य सड़क पर आने के लिये कोई रास्ता नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार कर्मा के महादलित परिवार को कबतक जमीन अधिग्रहित कर सड़क उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*3008. श्री विजय कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार में कार्यरत कुल 42,000 राशन दुकानों में नेशनल फूड सेक्यूरिटी स्कीम के तहत 54.84 लाख टन खाद्यान्न केन्द्र द्वारा बिहार को दिया जाता है;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य में 1.54 करोड़ राशन कार्ड में 10 लाख फर्जी राशन कार्ड का खुलासा हुआ है, जिसमें एक साल में 777 करोड़ रुपया सब्सिडी का बंदरबाँट कर लिया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो फर्जी राशन कार्ड बनाने वाले कर्मियों पर सरकार कबतक कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

पदाधिकारियों पर कार्रवाई

*3009. डॉ० सुनील कुमार--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला मुख्यालय बिहारशरीफ नगर निगम क्षेत्र के मोगलकुआँ में एन०एच० 82 भत्तु सेठ, के मकान से बिहार-रहुई रोड तक सड़क निर्माण कार्य प्रगति पर है ;

(2) क्या यह बात सही है कि संवेदक द्वारा सड़क को स्वीकृत प्राक्कलन के अनुरूप नहीं बनाया जा रहा है, जिसकी शिकायत आम जनता के द्वारा संबंधित पदाधिकारियों से की गयी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इसकी जाँच कराकर संवेदक एवं उक्त कार्य के जिम्मेवार पदाधिकारियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

भवन का निर्माण

*3010. डॉ० सी०एन० गुप्ता--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य के प्रत्येक जिलो के श०री क्षेत्र में ''सम्राट अशोक भवन'' के निर्माण करने का निर्णय वर्ष 2014-15 में लिया गया था, जिसमें परित्यक्त लोगों को ठहराने की व्यवस्था करनी थी, परन्तु सारण जिले में सम्राट अशोक भवन का निर्माण अबतक नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

-------

दोषी पर कार्रवाई

*3011. श्री विजय कुमार खेमका--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार नगरपालिका अधिनियम, 2007 की धारा 12 (3) उप-धारा (2) के अनुसार नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत क्रियान्वित होने वाली योजना के शिलापट पर विधान-सभा के वैसे सदस्य जो उस निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हो उनका नाम शिलापट पर अंकित होगा ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त अधिनियम की अवहेलना कर पूर्णियाँ नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत क्रियान्वित किसी भी योजना के शिलापट पर नगर विधायक का नाम अंकित नहीं किया गया है और न ही योजना के शिलान्यास/उद्घाटन में नगर विधायक को आमंत्रित किया जाता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पूर्णियाँ नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत पूर्ण की गयी योजना के शिलापट पर नगर विधायक का नाम अंकित कराने तथा नियम की अवहेलना करने वाले दोषी अधिकारी पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हाँ तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

कब्जा दिलाना

*3012. <u>श्री नन्द कुमार राय</u>--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत मोतीपुर अंचल के कोरीगाँवा पंचायत के ग्राम-भगवानपुर महमदा के जगदेव माँझी पिता सुकन माँझी सहित अनुसूचित जाति के लगभग 40 लोगों को भूमिहीन होने के कारण जिला प्रशासन द्वारा मार्च, 1993 में भूमि का पर्चा दिया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि 24 वर्ष बीत जाने के बाद भी आजतक उपरोक्त भूमिहीन पर्चाधारियों को कब्जा नहीं मिल सका है, जिसके कारण उनकी स्थिति दयनीय बनी हुयी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सभी 40 पर्चाधारियों को भूमि का कब्जा दिलाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

पथ का निर्माण

*3013. <u>श्री आनन्द शंकर सिंह</u>--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत औरंगाबाद नगर परिषद् क्षेत्र पुरानी जी०टी० रोड से नावाडीह रोड भाया अनुग्रह नारायण इंटर कॉलेज (गेट स्कूल) पथ एवं राष्ट्रीय राजमार्ग-2 से महाराजगंज रोड भाया नागा बिगहा पथ बहुत ही जर्जर स्थिति में है एवं नाली की समस्या भी है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

पदस्थापन करना

*3014. <u>श्री अत्री मुनी उर्फ शक्ति सिंह यादव</u>---क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला अन्तर्गत थरथरी, परबलपुर, हिलसा, कराय परशुराय प्रखंड में राजस्व हलका कर्मचारी का पद वर्षों से रिक्त है, जिसके कारण उक्त प्रखंडों के आम जनता को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त वर्णित प्रखंड में हलका कर्मचारियों के पदस्थापन का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

अतिक्रमण मुक्त कराना

*3015. श्री प्रमोद कुमार--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के मौजा बसवरिया, थाना नं० 197, खाता 211 एवं खेसरा 869 में अवस्थित आम सड़क को सुधन राम वो विजय राम, पिता स्व० मोती राम, ग्राम-बसवरिया द्वारा घर बनाकर अतिक्रमण किया गया है, जिसके लिये उन्हें दिनांक 28 नवम्बर, 2016 को नोटिस दिया गया था, यदि हाँ, तो सरकार उक्त जमीन को कबतक अतिक्रमण मुक्त कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

विद्युत् पावर सब-स्टेशन का निर्माण

*3016. श्री बशिष्ठ सिंह--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत शिवसागर प्रखंड के कोनार गाँव में विद्युत् पावर सब-स्टेशन बनाने हेतु स्वीकृति प्राप्त है तथा इस संबंध में ऊर्जा विभाग से अंचलाधिकारी, शिवसागर को भूमि अधिग्रहण हेतु वर्ष 2016 में पत्र लिखा गया था, परन्तु अबतक कोई कार्रवाई नहीं हुयी है, यदि हाँ, तो सरकार उपरोक्त गाँव में विद्युत् पावर सब-स्टेशन निर्माण हेतु कबतक भूमि अधिग्रहण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

राम श्रेष्ठ राय,
सचिव,
बिहार विधान-सभा ।

पटना:
दिनांक 30 मार्च, 2017 (ई०) ।

बि०स०मु० (एल०ए०), 155 डी०टी०पी०-500